UK Health Security Agency

NHS

आपके बच्चे की टीकाकरण अनुसूची



8 सप्ताह पर

- 6-इन-1 वैक्सीन*
- रोटावायरस वैक्सीन*
- मेनिनजाइटिस बी वैक्सीन*

12 सप्ताह पर

- 6-इन-1 वैक्सीन**
- न्यूमोकोकल वैक्सीन*
- रोटावायरस वैक्सीन**

16 सप्ताह पर

- 6-इन-1 वैक्सीन***
- मेनिनजाइटिस बी वैक्सीन**

1 साल पर

- हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा प्रकार बी/मेनिनजाइटिस सी वैक्सीन*
- खसरा, कण्ठमाला और रूबेला वैक्सीन*
- न्यूमोकोकल वैक्सीन**
- मेनिनजाइटिस बी वैक्सीन***



2 वर्ष के बाद

- बच्चों के लिए फ्लू की वैक्सीन (हर साल)



3 वर्ष 4 महीने पर

- खसरा, कण्ठमाला और रूबेला वैक्सीन**
- 4-इन-1 प्री-स्कूल बूस्टर वैक्सीन

* पहली ख़ुराक, **दूसरी ख़ुराक, *** तीसरी ख़ुराक

6-इन-1 डिप्थीरिया, टेटनस, काली खाँसी, पोलियो, हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा प्रकार बी और हैपेटाइटिस बी से बचाव करता है

4-इन-1 डिप्थीरिया, टेटनस, काली खाँसी और पोलियो से बचाव करता है

अपने बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए उनकी टीकाकरण अनुसूची का पालन करें

याद दिलाने की सुविधा के लिए इस टाइमलाइन को दीवार पर चिपका लें

- खसरा और काली खाँसी जैसी बच्चों की बीमारियां बढ़ रही हैं
- इन बीमारियों के कारण बच्चे बहुत रुग्ण हो सकते हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की नौबत आ सकती है या जीवन भर समस्याएं बनी रह सकती हैं
- यदि आपके बच्चे को टीके नहीं लगे हैं तो वे सुरक्षित नहीं हैं
- समय पर टीके लगवाना महत्वपूर्ण है ताकि उनकी बेहतरीन सुरक्षा हो सके। कुछ बच्चों को बाद में बूस्टर डोज़ की भी जरूरत होती है
- अपने बच्चे के व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड (लाल किताब) की जांच करें या अपने सामान्य चिकित्सक (GP) की प्रैक्टिस से चर्चा करें कि क्या उनका कोई टीकाकरण छूट तो नहीं गया है
- ज्यादातर टीके छूट जाने पर भी आप तुरन्त बाद में उन्हें लगवा सकते हैं
- बच्चों की सारी वैक्सीनें नि:शुल्क हैं। बच्चों के बड़े होने पर – जबतक वे किशोर उम्र के हैं – उन्हें वैक्सीन के लिए और भी अपॉइंटमेंट मिलेंगे। कुछ टीके स्कूलों में दिए जाते हैं
- सुरक्षा और प्रभावशीलता को परखने के लिए, NHS द्वारा दिए जाने वाले टीकों की पूरी तरह जांच की जाती है। सभी दवाइयों के दुष्प्रभाव हो सकते हैं, लेकिन टीके सबसे सुरक्षित होते हैं।
- दुनिया भर में किए गए शोध से पता चलता है कि आपके बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा का सबसे सुरक्षित उपाय है टीकाकरण

क्या आपके बच्चे को अभी तक के सारे टीके लग चुके हैं?

उनके सामान्य चिकित्सक की प्रैक्टिस के पास आज ही बुकिंग कराएं

© Crown copyright

CHIMMS24PC